इन्होने यह कह कर कि आपकी रिक्गनाइज्ड अपोजी ान नही बन सकती इसलिए आपके लीडर को वह फैसिलिटिज नही दी जा सकती। (विघ्न) मै चौधरी भजन लाल जी को बधाई देता हूं क्योकि उन्होनें यह एक अच्छा काम कर दिखाया है। अब तो अपोजी ान को इनके कार्य पर सन्तुश्टि होनी चाहिए और बधाई देनी चाहिए। लेकिन मै बाबू मूल चन्द जैन जी को यह बात भी कहना चाहता हूं कि उन्हे इस बात का ख्याल रखना चाहिए कि कहीं विघटन होकर के इनी संख्या 10 से कम न रह जाए और यह सहूलियसत छिन जाए। (विघ्न)

श्री उपाध्यक्षः साहेबान, मुझे एक अनांउसमैट करनी है। मैम्बर साहेबान के लिये कैन्टीवन मे सनैक्स और कौफी आदि का इन्तजाम किया गया हैं। वे बारी बारी वहां जा सकते हैं।

एक सदस्यः इन्तजाम किसकी तरफ से है?

श्री उपाध्यक्षः मुख्यमंत्री जी की तरफ से।

चौधरी वीरेन्द्र सिंह(उचाना मण्डी): उपाध्यक्ष महोदय, जैसे जगजीत सिंह पोहलूं अभी कहा, मै भी सरकार के नोटिस मे यह बात लाना चाहता हूं कि नागालैंड और मनीपुर जैसी विधान सभाओं मे, जहां 50–60 के करीब सदस्य है, हमे पता लगा है हर एम.एल.एज. को चाहे वह किसी भी पार्टी से सम्बन्ध रखता है, वह वैहिकल, जीप, या कार दी गई है। पैट्रोल आदि का सारा खर्चा गवर्नमैंट बरदा त करती है। अगर सहूंलियत हरियाणा के विधायको को दे दी जाए तो यह बहुत अच्छा सुझाव है। उससे उनके काम मे ऐफि ाएन्सी आएगी। पंजाब के अन्दर

भी, जों कि हमारी नेबरिंग स्टेट है, टेलीफोन काल्ज के जा ऐक्चुअल ऐक्सीपैंसिज होते है उन्हे सरकार वहन करती है। मै आपके द्वारा सरकार से निवदेन करूंगा कि हमारे जो सदस्य है उनको तीन सौ रूपये न देकर के जिनते रूपये ऐक्चुअली बनते है उस बिल की अदायगी सरकार द्वारा किए जाने की सहूलियत उन्हे दी जाए।

चौधरी उदय सिंह दलाल(बादली): सबसे पहले तो डिप्टी स्पीकर साहब, मै आपका भाुक्रिया अदा करता हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया। इसमे कोई दो राय नही है कि यह जो बिल आया हैं इसकी हर मैम्बर को ताईद करनी चाहिए। चौधरी बीरेन्द्र सिंह और जगजीत सिंह पोहलू ने भी ठीक बात कही। लेकिन इसके बारे बारे मे मेरा सुझाव यह है अगर कोई एम.एल.एज. चाहे वह किसी भी पार्टी का है, फल्ड के दिनो कहत के समय यह किसी और सिलसिलें मे, अपने हल्के का दौरा करना चाहता है तो वह डिप्टी कमि नर साहब, को अपना टूर प्रोग्राम लिखकरा भेजे और डिप्अी कमि नर उसे सरकारी गाड़ी दे दे और एम.एल.एज. बाकायदा लौग बुक भरे। (विघ्न) इससे कोठ भी गाड़ी का मिसयूज नही कर सकेगा। अगर कोई करेगा तो कही न कही फंसा मिलेगा। (विघ्न) जैसा मैने पहले कहा, यह जो अपोजी ान लीडर को सहूलियत दी गई है यह बिल्कूलव ठीक किया है। अपोजी ान लीडर किसी भी पार्टी का हो सकता है ओर अब तो कांग्रेस वालों के चांसिज ज्यादा है तथा ये फायदे इन लोगो के लीडर को ही मिलेगे। डिप्टी स्पीकर साहब, 'या' भाब्द बड़ा झगड़ा डालता है। इसमे लिखा है– ''तीन सौ रूपये या गाड़ी''

मुख्यमंत्री(चौधरी भजन लाल): मेरे होते चिन्ता की बात नही होनी चाहिए।

चौधरी उदय सिंह दलाल(बादली): आपकी बात तो ठीक है लेकिन अगर कोई गुस्सेबाज चीफ मिनिस्टर आ गया तो मुि कल पड़ सकती है। इसमे कुछ गुलामी वाली बात नही रहनी चाहिए। (विघ्न) मान लो अपोजी ान लीडर चीफ मिनिस्टर की गुलामी न करे और चीफ मिनिस्टर कहे दे कि गाड़ी खोस लो और तीन सौ रूपये दे दों। इसलियसें यह तो घोड़े के मुइ मे लगाम डाल कर रखने वाली बात है। एक साल के बाद पता नही यह बागडोर किसके हाथ जाए इसलिये इस बिल मे यह बात साफ लिखी जानी चाहिए कि अपोजी ान लीडर को कार मिलेगी। (विघ्न)

डिप्टी स्पीकर साहब, एक बात मै और कहना चाहता हूं कि टेलीफोन डिपार्टमैंट की किताब मे लिखा हुआ है कि एम.एल.एज. और एम.पी. को दो टेलीफान सरकार देगी। ऐसी लगता है। कि हमारी सरकार ने किसी वजह से पास कर लिया होगा कि एक टेलीफोन मिलेगा। होना यह चाहिए कि एक टेलीफोन तो हल्के में मैम्बर के घर पर होना ही चाहिए और दूसरा टैलीफोन अगर कोई मैम्बर चण्डीगढ़ मे अपने फ्लैट या घर पर लगवाना चाहे ता वह लगवा दिया जाना चाहिए। इसमे कोई बुराई की बात नही है क्येाकि बिल तो एम.एल.एज. ने ही देना है, सरकार ने तो केवल तीन सौ रूपये देने हैं। सिर्फ टेलिफोन लगवाने की फैसिलिटी सरकार दे दे क्योंकि एम.एल.एज. ने पब्लिक के

काम ही करने होते है, विवाह सगाई बगैरा के राज तो टेलीफोन चलते नही। (विघ्न)

डिप्टी स्पीकर साहब, मेरी सरकार से एक और प्रार्थना है। रोज रोज इस तरह के बिल लाने की बजाए एक ही बार सारी सहूलियते लिख करके असैम्बली से एक बिल पास करा ले क्योकि रोज रोज अखबारों मे इस बात की चर्चा होती है। कल भी ये लिख देगे कि एम. एल.एज. को बहुत भारी तौफा जब कि हमें मिला कुछ नही । मै तो एक बात जानता हूं कि जितनी सरकार एम.एल.एज. फैसिलिटीज देगी उतने मे ईमानदार रहेगें, भश्ट नही होगें।(विघ्न) मै सारे हाउस के लिए कह रहा हूं। इसमे किसी पार्टी का सवाल नही हैं। इसलिये डिप्टी स्पीकर साहब, मेरी तो सरकार से यह प्रार्थना है कि आपके चेयर पर होते हुए एक बिल ये पास करा लें जिसमे इस तरह की सारी फैसिलिटिज एम. एल.एज. का एक ही बार दे दी जाए। खुर ाीद भाई यहा बैठे हुए हैं। लिखने मे ये बड़े तेज हैं। एम.एल.एज. को हाउस से निकालने की मो ान दो मिनट मे तैयार कर देते है। यह काम भी ये दासे मिनट मे कर लेगे। इनकों चाहिए कि एक तरमीम ये इस बिल मे ले आए। इतफाक राय से वह पास हो जाएगी। डिप्टी स्पीकर साहब, जैसा मैने पहले कहा जितनी मैम्बर्ज को सहूलियते होगी उतना ही फायदा रहेगा। वे साधनों के लिए दूसरी तरफ कम नजर रखेगे। ये जो हम रोज सुनते है कि एम.एल.एज. ने यह कर दिया, वह कर दिया यह बात खत्म हो जाएगी। इस सारी बुराई को मिटाने के लिये यह बात हम खुले दिले से

करें ताकि हम सब ईमानदारी से लोगो की सेवा कर सके। इन भाब्दों के साथ मै इस बिल की ताईद करता हूं।

श्री हीरा नन्द आर्य: उपाध्यक्ष महोदय, इसमे थोड़ी सी कसर रह गई है उसको मै पूरी करना चाहता हूं। इसमे कसर रह गई है कि जिस प्रकार से पंजाब और केन्द्र मे केबिनेट स्तर मे मन्त्रियों के बराबर अपोजी ान के लीडर को सुविधाये दी गई है वे सभी सुविधाये हरियाणा के अपोजी ान लीडर की नही गई हैं। उदाहरण के तोरप पर उनको टी.ए. मिलता है लेकिन यहां पर नही मिलेगा। अगर पूरा स्टेटस देना है तो केबिनेट स्तर के मंत्री के बराबर सुविधाये दी जायें। ये सुविधायें सरकार की इच्छा पर नही होनी चाहिए। इनका पूरा प्रोविजन होना चाहिए। इनमै किसी किस्म की डिस्क्रि ान की बात नही होनी चाहिए। पार्लियांमैन्टरी अफेयर्ज मिनिस्टर इस बात से सहमत होगे और इस बात की इजाजत देगे कि अपोजी ानी लीडर जो भी सूचना मांगे, वह दी जाए।

स्थानियस भाासन मंत्री (चौधरी खर ीद अहमद): यह बिल बहुत ही लोजिकल तरीके से हाउस मे रखा गया है। मै मैम्बर साहेबान का भुक्रगुजार हूं कि उन्होने इस बिल को सही नुक्ताचीनी की नजर से देखा हैं। यहा एम.एल.एज. साहेबान ने बताया कि उन्हे कितना काम करना होता हैं, उन्हे कितनी फैसेलेटिज चाहिए। हरेक सदस्य ने अपना अपना नजरिया पे ा किया है। मै इस बारे मे यही कह सकता हूं जब पंजाब और हरियाणा विधान सभा इक्ट्ठी हुआ करती थी, उस टाईम पर सुविधाये दी गई थी आजादी मिलने के बाद जब पहली विधान सभा

बनी तो उस वक्त एम.एल.एज. साहेबान को कम्बनसेटरी अलाउन्स, ट्रेवलिंग अलाउसं, डी.ए. आदि की जो फैसिलिटीज प्रोवाईड की गई थी, आज तक तकरीबर वही चलती आ रही है। तकरीबन यही एक ऐसा तबका है जिसने आजादी के बाद से जाब तक कभी यह क्लेम नही किया कि प्राईस इनडैक्स बढ़ गया है इसलियें हमारा वेतन बढाओं या डी.ए. बढाओ मैम्बर साहेबार की ओर से बड़े वैल्यूएबल सूझाव आये है। चौयारी उदय सिंह दलाल और हीरा नन्द आर्य जी की ओर से भी बड़े अच्छे सुझाव आये है। जिन्हे हमे कन्स्डिर करना चाहिए। चौधरी बीरेन्द्र सिंह जी ने तो कंकरीट मीसाल दी है कि नागालैण्ड और दूसरी सहूलियतों को पास नही किया है। जो बातें मैम्बर साहेबान ने कही है, उनका जल्दबाजी मे अमैन्डमैंट ला कर पास नही करना चाहिए। किसी भी अमैंडमैंट को लाने से पहले उसके प्रोज एण्ड कान्ज पर गौर करना चाहिए सरकार भी हमदर्दी से गौर करके देखेगी कि क्या क्या मैक्सीमम सहूंलियतें दी जा सकती है ताकि पब्लिक डियूटी को या जो उनका फर्ज बनता है उसके अच्छे तरीके से निभा सके। इस वक्त हाउस के सामने जो बिल आया है उसको पास होने दे और बाताां के आरे मे बाद मे विचार कर लेगे।

बहिन सुशमा स्वराज जी ने यह भी कहा कि यह बिल बहुत देर से आया हैं बहुत पहले आना चाहिए था। किसी ने ठीक ही कहा है कि देर आयद दुरस्त आयद इस लिहाज से यह ठीक ही है। बाकी बातों के बारे मे फिर देख लेगे। वे दूबार कभी हाउस के सामने आ जाएगी और जो वैल्यूएबल सुझाव है उन्हे कम्प्रीहैन्सिव बिल की भाक्ल मे ले

आयेगे। हमे बार बार अमैंडमैंट करने की जरूरज नही होगी। यह बिल जिस सूरत मे पे ा किया हैं इसी सूरित मे पास कर दिया जायें।

श्री उपाध्यक्षः प्र न है–

कि हरियाणा विधान सभा (सदस्य–भता तथा पैं ान) पांचवां सं ाोधन विधेयक पर तुरन्त विचार किया जाए।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

उपाध्यक्ष द्वारा घोशणा–

सदस्य के जमानत पर रिहा होने संबंधी

Mr. Deputy Speaker: I have the Honour to inform the House that an intimation has been received from the District Magistrate, Chadigarh that Sh. Sant Kanwar M.L.A. has been releaseds on bail today by the Chief Judicial Migistrate, Chandigarh.

दि हरियाणा लैजिसलेटिव असैम्बली (अलांउसिज एंड पैन् ान आफ मैम्बर्ज) फिफ्थ अमैंडमैंट बिल, 1980 (पुनरारम्भ)

श्री उपाध्यक्षः अब सदन बिल पर क्लाज बाई क्लाज विचार करेगा।

क्लाज 1 की सब क्लाज (2)

श्री उपाध्यक्षः प्र न है–

कि क्लाज 1 की सब क्लाज (2) बिल का पार्ट बनें।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

क्लाज 2

श्री उपाध्यक्षः प्र न है–

कि क्लाज 2 बिल का पार्ट बनें।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

क्लाज 3

श्री उपाध्यक्षः प्र न है–

कि क्लाज 3 बिल का पार्ट बनें।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

क्लाज 4

श्री उपाध्यक्षः प्र न है–

कि क्लाज 4 बिल का पार्ट बनें।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

क्लाज 1 की सब क्लाज (1)

श्री उपाध्यक्षः प्र न है–

कि क्लाज 1 की सब क्लाज (1) बिल का पार्ट बनें।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

अनैक्टिंग फार्मूला

श्री उपाध्यक्षः प्र न है–

कि अनैक्टिंग फार्मूला बिल अनैक्टिंग फार्मूला हो।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

टाईटल

श्री उपाध्यक्षः प्र न है–

कि टाइटल बिल टाइटल हो।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

स्थानीय भाासन मंत्री (चौधरी खर ीद अहमद): मै प्रस्ताव करता हूं–

कि बिल पास किया जाए।

श्री उपाध्यक्षः प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ–

कि बिल पास किया जाए।

श्री मूल चन्द जैन (सम्भलखा): डिप्टी स्पीकर साहब, इस बिल के बारे मे ज्यादा कुछ तो नही कहना चाहता परन्तु एक दो चीजे अव य

कहना चाहूंगा। इस बिल के द्वारा जो हरियाणा के अपोजी ान लीडर को सहूलियते दी जा रही है ये पंजबा मे सन् 1978 मे दी गई थी। यानि ऐसा बिल पंजब मे सन् 1978 मे पास हुआ था और लोक सभा मे तो सन 1976 मे पास कर दिया गया था। लोक सभा मे और पंजाब मे कानून के तहज जो सहलियते दी है उतनी हरियाणा के कानून के तहत नही दी है फिर चुंकि इत्तफाक से मै अपोजी ान लीडर हू इसिलये मुझे यह मानने मे संकोच नही कि जब पिछले सै ान के लिए बिजनैस एडवाइजरी कमेटी की मिटिंग हुई थी तो मैने खुद ही चीफ मिनिस्टर साहब से कह दिया कि आपने कहा था कि अपोजी ान लीडर को कैबेनिट रैंक देगे लेकिन अभी तक आपने वे सहूंलियते दी नही है। उस समयस और भी हमारे दूसरे दोस्त डा. मंगल सैन आदि बैठे हुए थें। उसी वक्त चीफ मिनिस्अर साहब ने कहा कि हम आपको कार भी देगे, टेलीफोन भी देगें। उन्होने अगले दिन ही कार दी और कुछ दिनों बाद आर्डीनैन्स जारी हो गया। उसी आर्डिनैन्स के लिए यह बिल हाउस मे आया है। मुझे इस बात को कहते हुए कोई संकोच नही होता और मुझे उम्मीद है कि पंजाब और सैन्टर मे जो सहूंनियते लीडर आफ दी अपोजी ान को दी गई है और यहां पर उतनी नही दी गई है वे अगले बजट सै ान मे पूरी कर देगें।

दूसरी बात जो मै कहना चाहता हूं कि वह बिल के पीछे एक बहुत सुनदर सैद्वान्तिक चीज छिपी हुई है। इंग्लैंड की पार्लियामैंट मे अपोजी ान के लीडर को बहुत पहले से किंग्ज अपोजी ान कहा जाता हैं। उसकी जिम्मेदारी और अधिकार बहुत ज्यादा है। मुझे खु ाी है

कि यहा हिन्दूस्तान मे भी डैमोक्रेसी की जड़े मजबूत बनाने की कोि ा ा की जा रही है। यह बिल इस बात का सबूत है कि रूलिंग ग्रुप चाहे दूसरा है लेकिन वह इस बात को स्वीकार करता है कि दे ा या प्रान्त की सरकार चलानै के लिये जितना जिम्मेदार रूलिंग ग्रुप है उतना ही जिम्मेदार अपोजी ान ग्रुप के दोस्तों से भी कहता रहता हूं कि हमे हमे ाा प्रदे ा के काम के लिए ज्यसादा जिम्मेदारी से पे ा आना चाहिए और हाउस की कार्यवाही ज्यादा खूबसूरती के साथ चलने देनी चाहिए। जैसा कि मैने पहले भी कहा कि सारे राश्ट्र ने हइस बात को स्वीकार किया है कि अपोजी ान लीडर को स्टेटस दिया जायें। इसके साफ मायने है कि हमारा राश्ट्र इस बात को स्वीकार करता है कि जितनी जिम्मेदार रूलिंग पार्टी है उतनी ही जिम्मदेार अपोजी ान पार्टी भी है। मुझे वि वास है अपने पर, अगर हकूमत की तरफ से गलत बात जो तो मै प्वायंट आडट करूं। मै केबिनेट के मन्त्रियों को कंकरीट सुजै ान देता रहा हू ताकि हरियाणा की हकूमत ठीक ढंग से काम करती रहे। डिप्टी स्पीकर साहब, जब हम हरियाणा की हदूद मे है तो चाहे श्री भजन लाल है या कोई अन्य है हम उसका हैल्दी क्रिटिसिजम करेगे लेकिन जब हम हरियाणा की हदूद से बाहर है, चाहे भजन लाल जी हो, चाहे मूल चन्द जैन हो, जब हमे दूसरे ढंग से बात करनी पड़ेगी। उस टाईम पर हरियाणा का सवाल आ जाता है। अभी पिछले सितम्बर मे मुझे रि िाया औरप बुलगरिया जाने का मौका मिला। वहां पर हमारें सामने किसी मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री का सवाल नही था, वहा पर हिन्दूस्तान का सवाल था। हम अपने दे ा और प्रान्त का ख्याल रखते है, अपनी पार्टी का ख्याल रखते है। इन भाब्दो के साथ मैने जो

कंकरीट सुजै ान सरकार का दी है मुझे आ ाा है सरकार उनको ध्यान मे रखेगी। अब मै अपना भाशण समाप्त करता हूं।

14.00 बजे

श्री उपाध्यक्षः प्र न है–

कि बिल पास किया जायें।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

(iii) दि ईस्ट पंजाब ट्रैक्टर कल्टीवे ान (रिकवरी आफ चार्जिज) हरियाणा रिपीलिंग बिल, 1980

कृशि मंत्री (सरदार तारा सिंह): डिप्टी स्पीकर साहब, मै प्रस्ताव करता हूं कि–

दि ईस्ट पंजाब ट्रैक्टर कल्टीवे ान (रिकवरी आफ चार्जिज) हरियाणा रिपीलिंग बिल तुरन्त विचार किया जाए।

श्री उपाध्यक्षः प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ कि–

दि ईस्ट पंजाब ट्रैक्टर कल्टीवे ान (रिकवरी आफ चार्जिज) हरियाणा रिपीलिंग बिल तुरन्त विचार किया जाए।

चौधरी जगजीत सिह पोहलू (पाई): डिप्टी स्पीकर साहब, मै कहना चाहता हूं कि जितने भी बिल पंजाब के नाम से है उनको पंजाब के नाम से बदल कर हरियाणा के नाम से किया जावे। मेरी राय है कि

बजट सै ान से पहले पहले सरकार एक ऐसा बिल लाये ताकि जिन किसानों के पास जो ट्रैक्टश्र नही रख सकते और न ही उनके पास जमीन अधिक है उनकी मदद की जा सके। इससे एक फायदा और भी होगा . .. .

श्री उपाध्यक्षः क्या आप को इस बिल के अन्दर कोई एतराज हैं।

चौधरी जगजीत सिह पोहलू (पाई): डिप्टी स्पीकर साहब, मै कह रहा था कि सरकार को ऐसा बिल लाना चाहिए जिससे कि छोटे किसानों को फायदा हो सके। इस सम्बन्ध मे मेरे कहने का मतलब यह है कि सरकार को उनके खेतो की जुताई का प्रबन्ध ''नो प्रोफिट'' नो लोस पर करना चाहिए। 5 किल्ले जमीन जिन किसानों के पास है उनसे सरकार को कोई किराया नही लेना चाहिए। इस लिए मै दोबारा प्रार्थना करता हूं कि सरकार को ऐसा बिल जरूर लाना चाहिए ताकि छोटे–छोटे किसानों की सहायता की जा सकें।

श्री उपाध्यक्षः प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ कि–

दि ईस्ट पंजाब ट्रैक्टर कल्टीवे ान (रिकवरी आफ चार्जिज) हरियाणा रिपीलिंग बिल तुरन्त विचार किया जाए।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

श्री उपाध्यक्षः अब सदन बिल पर क्लाज बाई क्लाज विचार करेगा।

क्लाजिज 2 और 1

श्री उपाध्यक्षः प्र न है–

कि क्लाजिज 2 और 1 बिल का पार्ट बनें।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

अनैक्टिंग फार्मूला

श्री उपाध्यक्षः प्र न है–

कि अनैक्टिंग फार्मूला बिल अनैक्टिंग फार्मूला हो।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

टाईटल

श्री उपाध्यक्षः प्र न है–

कि टाइटल बिल टाइटल हो।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

कृशि मंत्री (सरदार तारा सिंह): मै प्रस्ताव करता हूं–

कि बिल पास किया जाए।

श्री उपाध्यक्षः प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ–

कि बिल पास किया जाए।

श्री उपाध्यक्षः प्र न है–

कि बिल पास किया जाए।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

(iv) दि पंजाब विलेज कामन लडज (रैगुले ान) हरियाणा अमैंडमैंट बिल, 1980

विकास मंत्री (राव राम नारायण): मै प्रस्ताव करता हूं–

दि पंजाब विपेज कामन लडज (रैगुले ान) हरियाणा अमैंडमैंट बिल पर तुरन्त विचार किया जायें।

श्री उपाध्यक्षः प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ–

दि पंजाब विपेज कामन लडज (रैगुले ान) हरियाणा अमैंडमैंट बिल पर तुरन्त विचार किया जायें।

चौधरी जगजीत सिंह पोहलू (पाई): डिप्टी स्पीकर साहब, इस बिल, के द्वारा जिन लोगो ने नाजायज रूप से भाामलात देह पर कब्जा कर रखा है, को हटाया जा रहा है। यह बहुत अच्छी बात है। इसके साथ ही साथ मेरा सुझाव है कि कन्सोलिडे ान के समय जिन लोगों के वहां पर कब्जे जो गये थें इस बिल के द्वारा पास होने पर उन लोगों को इस जमीन से हटाया जायेगा जिससे कि झगड़ा होने का खतरा है। इसलिये मै कहना चाहता हूं कि इस बिल मे कुद और तरमीम ला कर बिल

लाया जाये जिससे कि झगड़ा होने के खतरे से बचा जा सके। नही तो जो बिल अब लाया जा रहा है इससे ला एण्ड आर्डर की भी स्थिती खराब होने की संभावना है और कत्ल भी हो सकते है। डिप्टी स्पीकर साहब, मै इस बिल के बारे मे सिर्फ इतना ही कहना चाहता था।

डा. मंगल सैनः उपाध्यक्ष महोदय, मंत्री महादेय ने जो विधेयक सदन के सामने पे ा किया है उसके उदे य मे जो बाते कही गई है उससे तो सदन के सार मैम्बर साहेबान सहमत होगे कि भामलात देज पर पर जिल लोगो ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा है ओर जो ऐसे अनस्क्रूप्लस एलीमेन्टस है तथा जिन्होने ग्राम पंचायत के सदस्यों से मिल कर नाजायज रूप से कब्जा कर रखा है, हटाया जायेगा। डिप्टी स्पीकर साहब, 1961 के बिल मे जो बुराई रह गई थी उस बुराई को अमैंडमैंट द्वारा 1974 मे दूर किया गया था। परन्तु हाई कोर्ट ने इसकी कुछेक धाराओं को स्थगित कर दिया था। हमारे दे ा की न्यायपालिकाएं अपने कार्य को बिल्कूल निश्पक्ष रूप से और ठीक ढंग से कर रही है।(इस समय श्री अध्यक्ष महोदय, पदासीन हुए) परन्तु इस बिल के द्वारा उनके अधिकारों को छीन कर सिविल कोर्ट को दिया जा रहा है। जब्कि हमारी जुडि ायल कोर्ट अपने कार्य को काफी हद तक सुचारू रूप से कर रही है। जैसा कि इस बिल के द्वारा उनके अधिकारों को असिस्टेंट कलैक्टर को दिया जा रहा है। यह बहुत ही चिन्ता की बात है। जैसा कि आपने इस बिल मे देखा होगा कि

इसकी धारा 13 को 4 मई, 1961 से यानि बैक डैट से लागू किया है। स्पीकर साहब, यह बहुत ही विचित्र बात है। मुझे तो स्पीकर साहब, इस बिल के बारे मे सिर्फ इतना ही कहना था।

Sh. Baldev Tayal (Hansi): Mr. Speaker Sir, I would like to draw the kind attention of this house to clause 4 of this Bill, which reads as under-

"Bar of Jurisdicition- No Civil court shall have jurisdiction-

(a) to entertain or adjudicate upon any question whether:-

(i) any land or other immovalbe property is or not shamlat deh;

(ii) any land or other immovalbe property or any right, title or interst in such land or other immovable property versts or does not evest in a Panchayat under theis act;

(iii)in respect of any matter which any revenue corut, office or authrority is empowered by or under this Act to determine .. . ."

Sir, I humbly submit that there would have been no objection if the jurisdiction of tehe court had been barred on teh shamlat land which is vested in the Panchyat. But this Bill takes away the right of a citizen to go to the civil vourt if his ouwn house is being declared as a Shamlat property. it si anot the question whether certain land is vested in the Panchayat and it has got the jurisdiction on that land or not. This bill further empowers the Commissioner, the Divisional

Commissioner and the revenue officer or the Panchayat to declare an immovalble property rightly or wrongly to be of Panchyat and in that case the citizen has no right to go and challenge that declaration in a civil court. My Humble submission before you, Sir, is that this can be mis-utilized and abused politically or otherwise also.

Supposing a man has got a house in the village and it si a pushataini house and some sarpanch or some political perosn takes it ito his mind to declare that house as a Shamlat Property, who was the quthority to check it because the jurisdiction ot the civil court has been taken away. So, my only objection to this bill is that aas far as the right of the vitizens to the property is concerned, the jurisidiction of teh Vivil court should not be barred and they should be entitled to go to the civil court to get it declared that this land is not a commonland, is not a Panchayat land and does not vest in the Panchayat. Further if that land vests in the Panchyat and once it is declared by a civil court or any proper authority then it is a comman land.

Mr. Speaker: Tayal Sahib, I do not think that within 'Phirni' there is a common land.

Sh. Baldev Tayal: But, Sir, this bill has no definitaion as such. I think there should have been such a difinition in this Bill. they have specifically devarred the jurisdiction of a civil court "to entertain or ad judicate upon any question as to whether any land or other immovable property." It is not a question of tehat land but any land or other immvable property i.e. a house, a gitwara or any Bara or any other land of that kind whether it is or is not a Shamlat

Deh, is also been taken away from entertaining or adiudicating upon the quesstion whether any right or interst in such land or other immovable property vests or does not vest in a Panchayat under this Act. So, My Humble submission before this House, Sir, is only this that by passing this Bill, We will be taking away a very very valuable right from a citizen or from a villager and unscrpuulous proliticians, Sarpuches, Panches and anybody else, who are in power and who may want to pressurise a particular villager or a citizen, may take under advantage of this Bill enacted as an Act and later on it be absued. That is all I have to submit, Sir.

चौधरी रीजक राम (राई): अध्यक्ष महोदय, मै इस बिल का सर्मथन करने के लिये खड़ा हुआ हूं। जो तरमीम या जो सं ाोधन एक्ट मे इस बिल के द्वारा किया जा रहा है। मै यह समझता हूं, उससे बहुत सी बीमारियां जो पुराने एक्ट की वजही से पैदा हो गयी थी, वह दूर की जा रही है। अभी अभी बलदेव तायल जी ने यह फरमाया कि इस बिल के द्वारा सिविल कोर्टस के जो अधिकार है, वे छीने जा रहे है। ऐसी कोई बात नही हैं। स्पीकर साहब, धारा 13 जो एक्ट मे हैं, उसमे यह प्रावधान है कि कोई प्र न इस बारे मे कि आया यह प्रोपर्टी भाामलात प्रोपर्टी है या नही है। कोई भाामलात देह है या नही है, इसका फैसला रैवेन्यू अफसर ही कर सकता है। अब तक एक्ट के अनुसार यह अधिकार केवल रैवेन्यू अफसर को ही था। लेकिन अब जो तरमीम जा की जा रही है। वह यह है कि रैवेन्यू अफसर अध्यक्ष महोदय, धारा 7 के अन्तर्गत इस बात का फैसला करेगा कि कोई प्रोपर्टी पंचायत मे

वस्ट करती है या नही, कोई प्रोपर्टी भाामलात देह है या नही है, पहले वह इस बात का फैसला सरसरी तहकीकात से ही कर सकता था। लेकिन अब यह तरमीम की गयी है कि अगर रैवेन्यू अफसर के सामने कोई सवाल पैदा होता है कि यह पंचायत मे वैस्अ करती है यसा नही और कोई आदमी आकर यह कह दे कि यह पंचायत की प्रोपर्टी नही है, भाामलात देह नही है तो वही पर रेवेन्यू अफसर का अपनी कार्यवाही बन्द करनी पड़ेगी। फिर वह दावे की भाक्ल मे रैवेन्यू कोट मे जिसमे सी.पी.सी. के तमाम प्रावीजनज लागू होगें, दायर होगा और उसका फैसला होगा। स्पीकर साहब, इस बारे मे सैक ान 13 के तहत जो दावे होते थे उनका फैसला रैवेनयू अफसर कर देता थां ता उसके बाद कोई अपील की प्रोवीजन नही थी। पहले कोई अपील नही कर सकता था इस एक्ट मे यह तरमीम की गयी है कि रवेन्यू अफसर के फैसले के खिलाफ कलैक्टर को ओर उसके बाद कमि नर को जा सकेगा। इसमे ऐसा प्रावाधान किया गया है। इसलिये मेरा कहना यह है कि अब तक जों इस एक्ट मे कमियां थी, जो त्रुटियां थी वह इस सं ाोधन के द्वारा दूर की जा रही है। एक और बात जिस की तरफ मै आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं और मंत्री महोदय का भाुक्रिया अदा करना चाहता हूं वह यह है कि सैक ान 2 की सब सैक ान (4ए) को डिलीट किया गया हैं। मै यह समझता हूं कि देहात मे मुकदमेबाजी से लोगो को छुड़ाने के लिये इसका डिलिट किया जारा बहूत ही मनासिब और ठीक होगा। ऐसा क्यों, यह भी मै आपको बताता हूं। इस धारा 4 ए को 1973 मे सं ाोधन करे

मूल एक्ट मे प्रोवाईड किया गया था, उसका अर्थ यह था कि गांवो के अन्दर जितनी भी खाली जमीन पड़ी थी, वह पंचायतों मे वैस्ट हो जाएगी। उस समय जो प्रोवीजन किया गया था, उसकी वर्डिन्ग यह थीः—

"(4a) Vacant land situated in abadi deh or gerah not owned by any person."

अब 'नोट आन्ड बाई एनी परसन' के बारे मे तरह तरह से विचार आये। किसी अदालत ने यह कह दिया कि अगर कही पर आबादी देह मे ऐसी जमीन खाली पडभ् है तो वह पंचायत मे वैस्ट हो जायेगी, किसी ने कुछ और कह दिया। किसी अदालत ने यह कहा कि 'घेरा' मे जो जमीनव पड़ी है, वह पंचायत के अन्दर वैस्अ हो जायेगी। हाई कोर्ट मे अभी कितने ही ऐसे केसिज पडे हुए है जिनका फैसला होना बाकी है। अध्यक्ष महोदय, आप यसह जानकर हैरासन होगे कि उस (4ए) धारा को 1954 लागू किया गया। वह धारा 9 जनवररी 1954 से लागू हुई और उस दिन जो जमीन खाली पडी़ थी, उसके मुताबिक वह सारी पंचायतो मे वेस्ट हो जायेगी। आप ही देखें कितनी जटिलता, कितनी कठिनाई, उस प्रावधान से सन् 1954 से लागू करने से पैदा हुई,प कुद जमीन जो पहले खाली पड़ी थी वह सारीर अब पंचायत में वैस्ट करनी थी। सन् 1954 के बाद कितने बंटवारे हुए होगे, कितने ही लोगों ने मकानात बना लिये होगें। लोगो न आपसी दु मनी निकालने के लिये दफा 7 के तहत दरखास्त देनी

भुरू कर दी कि यह जमीन तो पहले खाली पड़ीह थी इसलिए यह तो पंचायत मे वैस्ट करनी चाहिए। किसी ने मकान तोड़कर बनाना भुरू किया तो दरखास्त दे दी यह जमीन तो पहले खाली पड़ी थी फलां आदमी ने इस पर कब्जा कर रखा है। इसमे कितनी ही लिटीगे ान होनी भुरू हो गयी है। इस बात का आप अन्दाजा लगा सकते है कि जो जमीन 1954 मे खाली पड़ी थी, उसका कोई रिकार्ड नही, कोई नक ाा नही, कोई खतौनी नही, कोई कुछ नही है लेकिन उस अमैंडमैंट के द्वारा विवाद की बुनियाद डाली गई और मै मंत्री महोदय को मुबारिक देता हूं कि इस क्लाज को हटाकर गावों से मुकदमे बाजी हटाया है। दूसरी बात बलदेव तायल ने यह कही है कि आबादी के अन्दर जितने मकानात है उनके बारे मे बड़ी समस्या पैदा हो सकती है ओर उसके फैसले के लिए अदालत दिवानी का अधिकार छीनना उचित नही है। उन पर तो इस एक्ट का सं ाोधन लागू नही होगा। लेकिन आबादी के बाहर के मकान है उनके बारे मे इसमे क्लाज स्पेसिफिक है जिसमे कहा गया है कि आबादी के बाहर कोई गितवार बाड़ा मैन्योर पिट, मकान या कौटेज इण्डस्ट्रीज है, उन पर एक्ट लागू नही होगा। यह सैक ान 2 की सब–क्लाज 6 मे सं ाोधन हैं। इसमे लिखा हुआ है–

"(vi) lies outside the abadi deh and was being used as gitwar, Bara, nmuare pit, house, or for cottage industry, immedialtely before the commencement of this Act"

इस लिए मै समझता हूं कि इस सं ाोधन बिल का सब का स्वागत करना चाहिए क्योकि पहले जो कठिनाईयां देहता मे पैदा हो गई थी वह दूर कर दी गई हैं। अब तक बड़ी भारी ऐनोमली थी। चौधरी विरेन्द्र सिंह अच्छे वकील है ओर मेरे दूसरे साथी भी काफी समझदार है। इनको पता होगा कि अगर एक आदमी दफा 7 मे दरखास्त देता है तो रैवेन्यू अफसर अगर फैसला कर देता हैं कि यह जमीन पंचायत मे वैस्ट करती है तो और अगर फिर दफा 13 के नीचे अपील की जाती है तो वही रैवेन्यू औफिसर जिसने दफा 7 के नीचे दरखास्त ली थी, उस केस को सुनेगां। यह बड़ी भारी ऐनोमली थी। अब यह कर दिया है कि यदि ऐसा कोई प्र न पैदा जो जाए तो रैवेन्यसू औफिसर सरसरी कार्यवाही को छोड़कर रैवेन्यू सूट की भाक्ल मे सी.पी.सी. की भाक्ल मे सुनेगा और उसकी अपील, उसकी रिविजन कमि नर तक जा सकती हैं। मै समझता हूं कि यह बात ठीक है। इसलिए मै इसका समर्थन करता हूं।

श्री बीरेन्द्र सिह (नारनौंद): स्पीकर साहब, यह जो सं ाोधनव बिल आया है इसकी दो'–तीन जो क्लासिज है, उन पर मेरी आपति है और बाकी का मै समर्थन करता हूं। जहां तक क्लाज 2 की सब–क्लाज 4(ए) को ओमिट करने का सवाल है उसके बारे मे चौधरी रिजक राम न फरमाया है कि इसकी ओमी ान के कारण आबादी देह के अनदर जितने कमानात, खाली प्लाटस, चौक या आंगन वगैरह के कारण एक्सक्लूड हो गए है

इसलिए लोगो को लिटिगे ान से राहत किल जाएगी। राम रामनारायण इस पर जरा ध्यान से गौर फरमाए। फर्ज किया कि यह गांव मे खुला हुआ चौक है, गांव की गलियां चौड़ी है, वहां पर गांव का कोई फक ान होता है तो आमतौर पर देखने मे आया है कि कुछ जाबर लोग अपने मकान के आगे चौतरें बना लेते है। उस जमीन पर कब्जा कर लेते है इस क्लाज के ओमिट होने से जो जाबर लोगों को खुला लाईसैंस मिल जाएगा। जो जगह मुसतारका है, जो चौक पब्लिक परपज के लिए इस्तेमाल होता है उस पर जाबर लोगा कब्जा कर लेगे क्योंकि पंचायत भाामलात देह की डेफिने ान से निकाल दी गई हैं ओर आसिस्टैंट कलैक्टर की जुरिस्डिक ान मे डाल दी गई है। स्पीकर साहब, जो जमीन इस वक्त बीस, तीस या चालीस फूट चौड़ी है वह इस क्लाज की ओमि ान से घटकर दस फुट रह जाएगी। जो लोग लालची टाईप के है, जो जाबरप लोग है वे खुले चौकों पर जबरदस्ती कब्जा कर लेगे। इसलिए मै राव राम नारायण से कहूंगा कि इस पर दुबार विचार करें। कही ऐसी न हो कि जाबर लोग कमजोर आदमीयों का जीना मुहाल कर दें। गांव मे किसी को निकलने का रास्ता नही रहेगा। पब्लिक परपज के लिए जो चौक इस्तेमाल होते है वह चीज खत्म हो जाएगी।

दूसरी बात जिस पर मुझे आपति है वह है जो क्लाज की सब–क्लाज (6) जिसमे लिखा है–

"(vi) lies outside the abadi deh and was being udsed a sgitwar, bara, manure pit, house or for cottage industry, immediately before the commecement of this Act.

स्पीकर साहब, 1980 का अमैन्डिग बिल आज एक्ट बनने जा रहा है। इसका कमैन्समैंट जब भी होगा उससे पहले जो जमीन गितवाा, बाड़ा, मैन्यौर पिट, हाउस या कौटेज इण्डस्ट्री के तौर पर इस्तेमाल हो रही है और लेागेा ने उस जमीन का ढाचा चैज करके हथिया लिया है उनको एक किस्म से फ्री कर दिया है। जो लोग 19 साल से नाजायज कब्जा किए बैठे थें उस कब्जे को इस तरह से वैध करार किया जा रहा है।

इसके बाद श्री बलदेव तायसल ने सैक ान 13(ए) की सब–क्लाज (1) के बारे मे जो आपति उठाई है, उनकी आपति को मेरा समर्थन है। चौधरी रिजक राम ने फरमाया कि इससे कोई फर्क नही पड़ेगा बल्कि उस सैक ान मे जो पहले प्रोविजन था उसकी रूपरेखा मे सुधार आएगा। पहले जो सैक ान 13 बी था उसमे रैवेन्यू आफिसर को इतनी पावर थी कि जो लैंड भाामलात देह मे वेस्ट हो गई, उसका फैसला करे कि वह दुरूस्त तौर पर वैस्ट करती है या गल्त तोर पर वैस्ट करती है। अब रेवेन्यू औसिसर का अख्तियार दिया जा रहा है कोई लैंउ चाहे किसी किस्म की लैंड हो, चाहे प्राईवैट प्रौपर्टी हो एडजुडिके ान करने के लिए बैठेगा कि यह मकान भाामलात देह मे आना चाहिए या नही आना चाहिए। इस किस्म की पावर्ज दी जा रही है रैवेन्यू औफिसर को जो कि दुरूसत नही है। यह सिविल राइट्स पर एक

आघात है। मै राव राम नारायण जी से निवेदन करूंगा कि ठंडे दिल से वे सोचें। स्पीकर साहब, इस बिल की बाकी धाराओं के बारे मे मेरा समर्थन है।

चौधरी उदय सिह दलाल(बादली): स्पीकर साहब, वैसे तो हमारे जो मिनिस्टर राव राम नारायण है वे माल के महकमे सिनियर औफियर रहे है और उनका काफी तजुर्बा है लेकिन चुकि मै नो–दस साल तक सरपंच रहा हूं ब्लाक का मैम्बर रहा हूं, मुझे पंचायती कामो का काफी तुजर्बा है। स्पीकर साहब, जैसा कि श्री वीरेन्द्र सिंह नें कहा कि कुछ गांव काफी बड़े है और जहां पर कि काफी बड़े बड़े चौक है उनप चौकों को ताकतवर आदमी अपने कब्जे मे ले लेगे क्योंकि अब पंचायत दखल नही दे सकेगी। यह बात बिन्कूल ठीक है। मेरी सरकार से दरखास्त है कि अगग वाल जमीन जो भाामलाल देह की हैं उस पर कब्जा करना चवाहता है तो उसकी निगरानी ग्राम पंचायत करे ताकि कोई आदमी नाजायज कब्जा न कर सके। स्पीकर साहब, आज जो सब से बड़ा झगड़े का कारण बना हुआ है और असैम्बली ने भी बिल पास किया हुआ है जिसमे गांव की ऐसी जमीन जो गुरूद्वारे के नाम है, मन्दिर के नाम हैं गौ ाला के नाम है या किसी मठधारी के नाम हैं वह जमीन की लिमिट से फ्री है। अगर इस जमीन का इनसे छुड़ाकर पंचायतों को दे दिया जाए तो बहुत सारी जमीन पंचायतों को मिल सकती ह। इस समय क्या हो रहा है कि फर्ज किया कि एक बाबा के नाम जमीन है, वह बाबा मार गया तो उसके चेले अपने मे

से एक बाबा बना लेते है। बाबा के निाम जमीन होती है मकान होता हैं और ये लोग मौज करते है। स्पीकर साहब, इस तरह के मकान सारी स्टेट के देहातों मे भाराब के अड्डे बने हुए है। स्पीकर साहब, 90 फिसदी जमीन का गल्त ढंग से इस्तेमाल हो रहा है। कई लोग तो फालतू जमीनव को बेचने लग रहे है, कोई पट्टे पर लगा रहे है। स्पीकर साहब, पहले वक्तों मे हस्पताल वगैरह नही होते थें और इलाज के लिए कोई प्रबन्ध नही होता था, तो वेधो और हकीमों को इस तरह की जमीन हस्पताल वगैरह कि लिये दे दी जाती थी। पहले यह होता था कि जो धार्मिक स्थान होते थें, डेरे वगैरह होते थे, वहां से जो आमदनी होती थी, उसमे से उन धार्मिक स्थानों व डेरां का जो खर्चा होता था, वह निकाल कर जो बाकी का रूपया होता था वह गावों के लोगो के मुफाद के लिये खर्च किया जाता था लेकिन अब हो रहा है कि उन बुजुर्गो द्वारा दी गयी जमीन का दुरूप्रयोग हो रहा हे और जो उन धार्मिक स्थानों से आमदनी होती है उसका कोई हिसाब किताब नही रखा जा रहा है। और वे डेर वगैरह आजकल भाराबखाना बने हुए है, चेले और बाबे मिलकर ठाठ मना रहे है भाराबे पीते है कढाइयां चढी हुई है हल्वे पक रहे है। जहां पर भी ऐसी जमीने है वहा पर लट्ठ खड़क रहे है इससे क्या होगा कि लोग जाकर थानों मे खड़े होगे। इसलिये मै मंत्री महोदय से यह रिक्वैस्अ करूंगा कि इन सभी तरह के मामलो की जांच करवायी जाए और जो जमीन तो सचमुच धार्मिक स्थानों के लिये प्रयोग हो रही है, उसको छोड़कर बाकी की सारी जमीन वापिस

ली जाए। जहां परा कि चेले चांटो ने नाजायज तरीका अपना रखा है वह जमीन पंचायत को दी जाए और पंचायते उन्हे लीज पर उठाए और उस सारी जमीन की आमदनी पंचायतों के पास ही जाए और सरा खर्चा पंचायतें ही निभाये। गांव की पंचायाते ऐसी जमीनों का हिसाब किताब रखें और जहां बदमां ाों के भाराब के अड्डे बने हुए है, उन अड्डों को खत्म किया जाए। अगर इन अड्डों का खत्म करके जमीन को अपने कब्जे मे न लिया गया तो लोग भड़क उठेगे और कई तरह के मुकदमे खड़े हो जाएगे। लोग अदालतों के चक्कर काटेंगे। (ाोर)

श्री अध्यक्षः दलाल साहबए आपका प्वायंट मिनिस्टर साहब ने नोट कर लिया है, आपने बोलते हुए काफी समय ले लिया है। (ाोर एवं व्यवधान)

चौधरी उदय सिंह दलालः स्पीकर साहब, यह बड़ा सीरिया मामला है। सारी स्टेट इसमे इंवाल्व हैं। अगर सरकार सिरिअसली इस तरफ ध्यान दे तो सारे के सारे झगड़े अपने आप ही खत्म हो जाएगें। स्पीकर साहब, अन्त मे मै फिर सरकार से यह रिकवैसट करूंगा कि अगर सरकार ने लाल डोश्रे के बाहर की जमीन की तरफ जल्दी जवज्जों न दी तो लोग फिर कहेगे कि यह प्लाट मेरा है। लोग बाड़ लगाकर के अपना कब्जा कर लेगे और बड़ी मु ाकिल हो जाएगी। लोग झगड़ा करेगें और फिर सिविल कोर्ट मे मुकदमें दायर होगे। इसलिये इन सारी बातो की तरफ सरकार ध्यान दे औरप इन की चैकिंग करवाए। जिन लोगों ने

नाजायज कब्जे कर रखें है, उन से जमीन वापिसं ले ओर वह जमीन पंचायतां के हवालें करे। उन से जो आमदनी हो उस आमदनी को गावों के लोगो के मुफाद के लिये इस्तेमाल करें। अगर लोग अदालतों मे जाते है तो वहां पर आठ–आठ, दस–दस साल मुकदमों का फेसला नही होगा। इसलिये सरकार और जज मुकर्रर करवाये ताकि लोगो के फैसले जल्दी होते रहे और तीन साल तक हर मुकदमें का फैसला हो जाए। इससे ज्यादा कोई मुकदमा कोर्ट मे पैंडिंग न रहें। अगर लोगो के मरने के बाद फैसले हुए तो उनका क्या लाभ होगा। स्पीकर साहब, बाकी तो जो बिल है, वह तो मकरीबन ठीक ही है। मेरी मिनिस्टर साहब से दरखास्त है कि वे जरूर इस तरफ ध्यान दें। एक दो जो खामियां हैं, उनको दूर करने की कोि ा ा करे। हो सके तो इसी सै ान में, नही तो अगल सै ान मे कोई न कोई तरमीम जरूर इस बिल मे करे ताकि लोगो मे किसी प्रकार का झगडा़ न हो और जीन लोगों ने नाजायज जमीन पर अपना कब्जा कर रखा हैं और उन पर भाराब के अड्डे बना रखे हैं, उनसे वह जमीन पर अपना कब्जा कर रखा है ओर उन जमीनेां से जो आमदनी हो वह लोगों के मुफाद के लिये खर्च की जाए। स्पीकर साहब, अगर सकरार ऐसी जमीनेां का अपने कब्जू मे ले लेगी तो उससे सरकार को काफी फायदा हो सकता है। हम उन जमीनों पर एग्रीकलचर फार्म बना सकते है सीड फार्मज बना सकते है जिससे सरकार को भी और किसानों को भी काफी फायदा हो सकता है। इन डेरेवेरां का तो ऐसे ही भूत बना रखा है। असल मे वे कुछ भी नही है।

सारा झगड़ा तो गद्दी का ही रहता है। अगर एक बाबा मर जाता है तो वे बाकी के चेले उस जमीन पर कब्जा रखने के लियें अपने मे से एक बाबा चुन लेते है और जमीन दबाये रखते है। अतः जो फालतू इस तरह की जमीन ऐसे लोगो के पास है, वह सरकार लेकर के पंचायतों के हवाले करे और पंचायतें ही उन जमीनों की आमदनकी अपने पास रखें और जो खर्चा हो उसको निकाल करके बाकी जो पैसा हो, वह लोगों के मुफाद के लिये खर्च किया जाए। इतना ही कहते हुए मै आ ाा करूंगा कि सरकार मेरे कुछ सुझावों की तरफ ध्यान देगी।

चौधरी संत कंवर (हसंनगढ़): स्पीकर साहब, मै आपका धन्यावाद करता हूं कि आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया। मै क्लाज 4 और क्लाज 13 पर बोलने के लिये खड़ा हुआ हैं। राव साह ने जो यह बिल पे ा किया है मै उसका काफी हद तक समर्थन करता हूं और जो एक दो खामियां रह गई है उसको भी वे दूर करने की कोि ा ा करेगे, ऐसा मुझे वि वासा है क्योकि जो खामियां रह गई है उनसे गावों के लोगो के ऊपर उल्टा प्रभाव पड़ेगा। उसके बारे मे मै उनका ध्यान उस तरफ दिलाना चाहता हूं। जो एक्ट ये पास करवाना चाहते है, उसके पास निपटाने मे कम से कम 10–10 साल ाक समय लग जाएगा। एक्ट के पास होने का फैसला होगा उसके खिलाफ गांव के लोग सिविल कोर्टस मे जाएगें। जो सिविल कोर्टस का फैसला हसेगस एसयके खिलाफ गावं के लोग दोबारा एस.डी.एमज. और

डी.सीज. की कोर्ट मे मुकदमे दायर करेगे कि जिस जमीन को भाामलात देह माना हैं, वह गल्त है, वह जमीन मेरी अपनी है। स्पीकर साहब, बिल की एक क्लाज मे लिखा हैंः—

"The following Section shall be substituted and shall be deemed to have been substituted w.e.f. 4th day of May, 1961.

यह 1961 से लागू होगा और फिर उसके बाद दोबारा लोग एग्जैक्टिव के पास एस.डी.एम. से मुकदमे ले कर आएगें कि सिविल कोर्ट ने जो फैसला किया है, वह गल्त किया है। यह जमीन भाामलाज में न होकर, यह मेरी अपनी है। इसलिये मेरा सरकार से निवेदन है कि चूंकि यह एक्ट 1961 से लागू होगा इसलिये कई तरह की मुसीबते खड़ी हो जाएगी अतः सरकार को इस तरफ खास तवज्जो देनी चाहिये और कोई न कोई बिल के अन्दर तरमीम लानी चाहियें जिससें लोगो के बीच किसी तरह का कोई झगड़ा खड़ा न हो सकें। स्पीकर साहब, मै श्री बलदेव तायल साहब की इस बात का भी समर्थन करता हूं कि सरकार ने इस एक्ट के अन्दर यह क्लीयर नही किया कि भाामलाज देह कौन सी होगी। आया गांव से बाहर की जमीन होगी या इम्मूवेबल प्रापर्टी होगी। अगर इन बातों को फैसला नही किया गया तो रोजाना से मुकदमें अदालतों मे आएगे और इससे पोलीटिकल इंटरफियरैंस भी बढेगा। छोटी छोटी बातो को लेकर गावों के लोग, एम.एल.एज. पर दबाव डालेगें। इसलियें मेरी मंत्री जी से गुजारि ा है कि इसमे ऐसा प्रावधान करें कि जो फैसला पहले

सिविल कोर्ट मे हो चुका है वह दोबारा अदालतों मे न आए। जो पावर्ज सिविल कोर्टस से छीनी गई है उसके बारे मे मेरी राय यह है कि उससे डैमोक्रेसी पर तो आघात पहुंचेगी ही, उसके साथ साथ बहुत सारे लोगों को तकलीफ होगी क्योकि पोलीटिकल इंटरफियरैंस बढने की वजह से कई एम.एल.एज. अपने आदमियों को बचाने के लिए और उन्हे फायदा पहुंचाने मे सफल होगें। इस बात को दूर करने की मंत्री जी कोि ा ा करें। धन्यावाद।

चौधरी राम लाल वधवा (करनाल): स्पीकर साहब, आपका धन्यावाद कि आपने मुझे समय दिया। यह जो बिल आया है इसके बारे मे कोंई दो राय नही है कि भाामलात देह जो नाजायज कब्जें है उसको जल्द से जल्द निकाला जाए। इस बिल के आबजैक्टस एंड रीजंज मे लिखा है:—

"In many places the Shamlat Deh has been occupied unlawfully by unscrupulous persons, acting some times in collusion with the reprsentative of the Gram Panchayats."

अध्यक्ष महोदय, मै सरकार के नोटिस मे लाना चाहता हूं कि वह सिविल कोअग से पावर लेकर असिसटैंट कलैक्टर के हाथ मे दे रही है। बहुत से साथियों ने कहा कि यह अच्छी बात है लेकिन मै इसका विरोध करता हूं क्योंकि असिसंटैंट कलैक्टर एग्जैक्टिव के अन्डर आता है। स्पीकर साहब, मै आपके जरिये बताना चाहता हूं कि कोई आदमी मिनिस्अर हो ओर वह जमीनों को दबा रहा हो और भाामलाज जमउीन की गिरदावरी

अपने नाम करवा रहा हों। (ाोर) सरदार तारा सिंह यहां बैठे है ओरप मेरे पास गिरदावरी की नकले है। इन्होने भाामलात जमीन की गिरदावरी अपने नाम करवा ली है बिला किसी बात के । चार साल पहले गिरदावरी बदलनी भाुरू हो गई ओरप जिन लोगो के नाम थी उनके नोटिस मे यह बात नही लाई गई। अभी 01.11. 1980 को उस आदमी को सूचना दी गई है कि यह भाामलाज देह की जो जमीन है सरदार तारा सिंह की हैं।

श्री अध्यक्षः क्या यह मामला सब–जुडिस है?

चौधरी राम लाल वधवाः नो सर। उसने श्रीमती इंदिरा गांधी को कम्पलैंट भेजी है ओर उसकी कापी चीफ मिनीस्टर साहब को भी भेजी है। मेरे पास भी उसकी नकलें है। मै इनको टेबल पर रख देता हूं।

स्थानीय भाासन मंत्री (चौधरी खुर ाीद अहमद): स्पीकर साहब, इस तरह से ये कापियां टेबल पर नही रखी जा सकती। ऐसे तो ये कोई भी कागज टेबल पर रख देगें।

श्री अध्यक्षः अगर आपने कोई पेपर यहां रखना है तो पहले आप मेरे चैम्बर मे आकर वह मुझे दिखाए।

चौधरी राम लाल वधवाः स्पीकर साहब, मै आपके द्वारा मुख्य मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि एक तरफ तो ये कानूनप बनाने जा रहे है कि भाामलात देह को नाजायज कब्जे से निकाला जाए और दूसरी तरफ आप पावर कोर्ट से लेकर असिंसटैंट

कलैक्टर को देने जा रहे हे और यहां पर मिनिस्टर खुद जीमन हड़प करने जा रहें हैं तो इसका क्या होगा। सभी जमाबन्दियों की नकले चीफ मिनिस्टर साहब के पास है ओर उनकों सारी बात का पता है। इसलियें मिनिस्टर साहब को फौरन अस्तीफा देना चाहिए।

चौधरी खुर ाीद अहमदः अगर किसी के पास जमीन का कब्जा है तो कुछ नही हो सकता।

चौधरी राम लाल वधवाः अध्यक्ष महोदय, मै यह निवेदन करना चाहता हूं कि यह पावर असिस्टैंट कलैक्टर को न दी जाए, यह सिविल कोर्ट के पास ही रहनी चाहिए और मिनिस्टर साहब ने जो लैंड ग्रैब ही है उस वजह से या तो उनका अस्तीफा देना चाहिए या मुख्य मंत्री जी उन्हे डिसमिस करके निकाल दें। (ाोर)

वैयक्तिक स्पश्टीकरण–

कृशि मन्त्री, सरदार तारा सिंह द्वारा

कृशि मंत्री (सरदार तारा सिंह): स्पीकर साहब, मै पर्सनल एक्सप्लेने ान देना चाहता हूं। स्पीकर साहब, असल बात यह है कि मुझे मंत्री बनने के बाद इस बात की सजा मिल रही है। जब मै पाकिस्तान से आया तो कस्बा करनाल मे मेरें पिता के नाम जमीन आलाट हुई थी। ये जिस जमीन का जिक्र कर रहे है वह 1950 से हमारे कब्जे मे चली आ रही हैं। इस बात के लिये मै इनकों चैलेंज करता हूं। इस खसरा नम्बर के ऊपर मैरा

ट्यूबवैल है जिस पर 5–6 साल पहले का बिजली का कनैक ान लगा हुआ हैं। वहा पर मेरे क्वार्टर बने हुए है जहां मेरे मुजारे रहते है।(ाोर) मै बतौर मालिक कस्बा करनाल मे इस खसरा नम्बर की हिस्सेदार हूं और 1950 से हूं। बद–किस्मती की बात यह है कि महकमा माल की कुछ ऐसी बातें है कि कई हजार बीघे जमीन उसके कब्जे मे है। आप इस बात की तस्ल्ली कर लें कि अगर यह कब्जा मैने एम.एल.ए. बनने के बाद किया है तो मै पोलिटिकल लाइफ छोड़ दूंगा। (ाोर)

चौधरी राम लाल वधवाः स्पीकर साहब, आप एक कमेटी अप्वायंट कर दें। वह सारी जांच कर लेगी। (ाोर)

श्री अध्यक्षः इस तरह मै कोठ कमेटी अप्वायंट करने के लिये तैयार नही हूं।

चौधरी राम लाल वधवाः स्पीकर साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर हैं। यह जो कम्पलैंट की कापी मेरे पास है इसमे लिखा है कि सन् 47 से यह जमीन उनके कब्जे मे है जबकि सन् 47 मे ये आये भी नही थें। ये कापियां मेरे पास है ओर मिनिस्टर साहब गलत बात कह रहे है। एक कमेटी बना कर इसकी इन्कवायरी करवा ली जाए, मिनिस्टर साहब हाउस को मिसलीड कर रहे हैं। (ाोर)

श्री अध्यक्षः यह प्वायंट आफ आर्डर नही हैं।

दि पंजाब विलेज कामन लैंड्ज (रैगुले ान) हरियाणा अमैंडमैंट बिल, 1980 (पुनरारम्भ)

विकास मंत्री (राव राम नारायण): स्पीकर साहब, यहा पर कुछ बातों पर सदस्यों ने आपति उठाई है। जेसे पोहलू साहब ने कहा कि देहातों मे जो जमीन थी उस पर कनसोलीडे ान के समय लोगो ने कब्जा कर लिया था ओर अब उस कब्जे को हटाने से लडा़ई–झगड़ा होगा। मै सदन को बताना चाहता हूं कि अगर वहा की पंचायत और वहां के लोग चाहे तो वह जमीन पंचायत के नाम कर दी जाती हैं ऐसे केसिज देहात मे बहुत से हो चूके है कि जमीन पंचायत के नाम कर दी गई है।

श्री अध्यक्षः राव साहब, क्या आप जमुला मालिकान की बात कर रहे है?

राव राम नारायणः जी हां।

श्री अध्यक्षः यानी जुमला मालिकान की जमीन पंचायत के नाम हो चुकी है।

राव राम नारायणः जहां पर रैजेल्यू ान पास हो जाता है वहां लिक्वीडे ान हो जाती है। स्पीकर साहब, दूसरी बात सिविल कोर्ट के बार होने के बारे मे कही गयी हे। यह जो एक्ट है जिसको हम अमैंड कर रहे है यह 1974 मे पास हुआ था और सिविल कोर्ट इस एक्ट के पास होने के बाद बार हुई थीं (ाोर एवं विघ्न)

चौधरी जगजीत सिह पोहलूः स्पीकर साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। मेरी सरकार से प्रार्थना है कि जमुला मालिकान की जमीन पंचायत के नाम अब तक कहीं भी हुई है।

श्री अध्यक्षः मै आपके प्वायंट आफ आर्डर को डिसअलाऊ करता हूं। आपको इस बारे मे अपनी बातें कहने को मौाक मिल चुका है।

राव राम नारायणः स्पीकर साहब, सिविल कोर्ट 1974 से बोर्ड है। महज इस अमैंडमैंट से हमने यह किया है कि हाई कोर्ट ने जो सैक ान 13 था उसको स्ट्राइक्डाउन कर दिया था। इस बिना पर हमारा रैवेन्यू आफिसर जो सिविल कोर्ट के केस डिसाइड करता था उसके बारे मे उसके अन्दर अपील का कोई प्रोवीजन नही था। इस बिल की अमैंडमैंट मे हमने कलैक्अर को अपली प्रोवाईड कर दी है ओर कमी ानर को रिवीजन अपील प्रोवाईड कर दी है। स्पीकर साहब, एक आपति चौधरी बीरेन्द्र सिंह जी ने उठाई कि जिनते खाली चौंक और गलियां या दूसरी खाली जगहे है उन पर अनस्क्रुपलस आदमी कब्जा कर जाएगें। यह बात ठीक है हमने इस एक्ट के अन्दर भी यह रखा है कि उस समय जिस जमीन का कोई मालिक नही था उसकों हम पंचायत मे वैस्ट करेगें। जो भी खाली जमीन है, चौंक या गली, हम उसको पंचायत मे वैस्अ करेगें।

श्री बीरेन्द्र सिंहः स्पीकर साहब, इस अमैंडमैंट मे तो यह नही है कि गली या चौंक पंचायत मे वैस्ट करेगें।

श्री अध्यक्षः जो पुरान एक्ट की चीज अमैंड नही हुई वह तो लागू रहेगी।

श्री बीरेन्द्र सिंहः अध्यक्ष महोदय, इस अमैंडमैंट के तहत जा 7 फुट चोड़ी या 40 फुट चौड़ी गली है उस पर लोग चौतरे बनाएगें और गलियां खत्म हो जाएगी।

राव राम नारायणः इसके अलावा आपको पता होना चाहिए कि ग्राम पंचायत एक्ट को हमने अमैंड किया है उसमें हमने बाकायदा नक ो बनाने की प्रोवीजन कर दी है। स्पीकर साहब, चौधरी उदय सिंह दलाल ने दोजली दोरों के बारे मे कहा। मै उनका बताना चाहता हू कि जितने भी दोहलीदार है वे तमाम भाामलात देह के अन्दर ही है और ाामलात देह पंचायत मे वैस्ट करती है। जो दोहलीदार होता है उसको जमीन सिर्फ धर्मार्थ केप लिए दी जाती है। उस जमीन का दोहलीदार वही आदमी होता हैं जो दर्ज होती है। अगर उस इंस्टीच्यू ान के लिए उस जमीन की आमदनी नही लगती और दूसरी जगही पर मिस–डायरैक्ट होती है या मिसयूज होती है तो वह रिकवर हो सकती है जब्त हो सकती हैं ओर वह जमीन पंचायत को मिल जाएगी। स्पीकर साहब, चौधरी संत कंवर जी ने कहा कि सिविल कोर्ट से जो डिगरियां हुई है इनको भी क्वै चन किया जाए। स्पीकर साहब, इस

अमैंडमैंट का मेन प8रपज यही था कि कोर्टस की जितनी डिग्रियां हुई है उनको दोबारा क्व चन किया जाए रैवेन्यू कोर्ट्स के अन्दर ओर वह जमीने भाामलात देह के अन्दर भाामिल की जांए। इसलिए स्पीकर साहब, मेहरबानी करके इस बिल को पास किया जाए। यदि आगें हमें इस एक्ट मे कोई इनफिरयरिटी नजर आएगी तो हम इस एक्ट को भी अमैंड करने के लिए तैयार हैं।

श्री उपाध्यक्षः प्र न है–

कि पंजाब विलेज कामन लैंड (रैगूले ान) हरियाणा अमैंडमैंअ बिल पर तुरन्त विचार किया जाए।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

श्री उपाध्यक्षः अब सदन बिल पर क्लाज बाई क्लाज विचार करेगा।

क्लाज 2

श्री उपाध्यक्षः प्र न है–

कि क्लाज 2 बिल का पार्ट बनें।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

क्लाज 3

श्री उपाध्यक्षः प्र न है–

कि क्लाज 3 बिल का पार्ट बनें।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

क्लाज 4

चौधरी संत कंवर (हसनगढ़): स्पीकर साहब, मै आपके माध्यम से मंत्री महोदय से इस क्लाज 4 मे थोडी सी क्लैवपरीफिकें ान चाहूंगा। अभी मंत्री जी ने कहा कि जो फैसल सिविल कोर्ट ने किए थें उनमे से बहुत सारे फैसलो को बदनवाने के लिए इस बिल मे अमैंडमैंट लाई जा रही है।

श्री अध्यक्षः बदलवाने की बात नही हैं। कोई भी केस रिकंसीडर हो सकता है।

चौधरी संत कंवर : अध्यक्ष महोदय, मै रिकंसीडर के बारे मे ही क्लैरिफिकें ान चाहूंगा कि हाई कोर्ट के फैसले के मुताबिक जिन गांवो के बंटवारे हो चुके है और जिन लोगों ने गांवो से बाहर अपने मकानात बना लिए है उन लोगो को इस अमैंउमैंट से काफी तकलीफ होगी। यदि यह क्लाज 4 लागे रहती है तो बाकायदा बंटवारे के बाद सिविल कोर्ट के तहत उन मकानों को भी तुउवाया जा सकेगा ओर हमे इसमे यह भांका है कि डिप्टी कमी ानर और एस.डी.एम. कोर्ट से उन मकानों को तुड़वाने के लिए दोबारा फेसला करवाया जा सकता है। इसके अलावा इसमे इस किस्म की और भी बहुत सारी बाते होगी। हजारों हजारों मुकदमे हर जिले के दोबारा अदालतों मे आऐगें।

चौधरी रिजक राम (राई): स्पीकर साहब, मै अर्ज करना चाहता हूं कि इस सब–क्लाज 4 की सैक ान 2 पुराने एक्ट मे थी ओर उसकी रूह से आबादी के अन्दर जितनी भी जमीन खाली पड़ी थीं वह पंचायत मे वैस्ट होती रही हैं। चौधरी संत कंवर ने यह ठीक फरमाया है कि 1954 से इस एक्अ की यह रूह लागू रहे यानी 9 जनवरी, 1954 को जो जमीन खाली पड़ी थी वह पंचायत मे वैस्ट होगी। स्पीकर साहब, 1954 से 1980 तक के 26 साल क अर्से मे ऐसी काफी जमीन का बंटवारा हुआ हैं और उस पर लोगों ने बंटवारा करवा कर भी ओर बगैर बंटवारे के भी अपने मकान बना लिए हैं। हाई कोर्ट या सिविल कोर्ट की भी डिग्रियां इसमे भाामिल हुईं और उसी के बारे मे झगड़े पैदा हुए, मुकद्दमात चले, लोगो ने बंटवारें के मुकदमें किए और सिविल कोर्ट की डिग्री आने के बाद जो खाली जमीन तकसीम हुई हे वह तो पंचायत मे वैस्ट हो चुकी थी उसका बंटवारा करने का सिविल कोर्ट को अख्त्यार ही नही था इसलिए बड़ी भारी सम्सया पैदा हुई ओर बहुत जटिल प्र न पैदा हो गए। उन को हल करने के लिए ही यह तरमीम आई है कि जो आबादी के अन्दर खाली जमीन थी जिनके बारे मे सिविल कोर्ट की डिग्रीयां हो कर बंटवारे कि लिए उनके बारे मे अब दोबारा किसी प्रकार की मुकद्दमेबाजी नही चल सकती है क्योकि वह जमीन पंचायत मे वैस्अ नही कर सकती। स्पीकर साहब, यदि यह क्लाज इस एक्ट मे नही होती तो उनक जमीनों के बारे मे यह झगड़े–बाजी तब तक चलती रहती जब तक यह सृश्टि रहती। ये कहते हे कि 1954 मे जो सफेद

जमीन पड़ी थी उस पर कब्जे कर लिए चाहे वह जमीन दीवानी की थी, चाहे बंटवारे की डिग्री भी थी वह भी नाजायज करार की जा सकती थी। इसलिए मै इतनी अर्ज करना चाहता हूं कि इस सं ाोधन के जरिए वह इससे लोगो को राहम मिलेंगी। जहां तक गलियों और चौंक आदि की बात है उस पर तो पुरान एक्ट के प्रोवीज ही लागू रहेगें। अध्यक्ष महोदय, इस बिल के जरिए जो सं ाोधन किए जा रहे है उनके लिए मंत्री महोदय धन्यपसद के पात्र हैं मुझे उम्मीद है चौधरी वीरेन्द्र सिंह जी इस बात से सहमत होगें।

श्री उपाध्यक्षः प्र न है–

कि क्लाज 4 बिल का पार्ट बनें।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

क्लाज 5

श्री उपाध्यक्षः प्र न है–

कि क्लाज 5 बिल का पार्ट बनें।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

क्लाज 6

श्री उपाध्यक्षः प्र न है–

कि क्लाज 6 बिल का पार्ट बनें।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

क्लाज 7

श्री उपाध्यक्षः प्र न है–

कि क्लाज 7 बिल का पार्ट बनें।

क्लाज 1

श्री उपाध्यक्षः प्र न है–

कि क्लाज 1 बिल का पार्ट बनें।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

अनैक्टिंग फार्मूला

श्री उपाध्यक्षः प्र न है–

कि अनैक्टिंग फार्मूला बिल अनैक्टिंग फार्मूला हो।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

टाईटल

स्वामी आग्निवे ा(पुंडरी): अध्यक्ष महोदय, आज हरियाणा प्रान्त को बने हुए लगभग 14 साल हो चुके है लेकिन इसके बावजूद भी जो भी बिल हमारे सामने आता है उसमें पंजाब का नाम लिखा होता है।

पिछले सै ाान मे भी यह चीज मै सदन के नोटिस मे लाया था परन्तु अभी तक वह बात चली आ रही हैं।

विकास मंत्री (राव राम नारायण): अध्यक्ष महोदय, जब तक ओरिजनल बिल चेंज नही होगा तब तक उका नाम कैसे बदला जा सकता है?

श्री अध्यक्षः ठीक बात है।

स्वामी आग्निवे ाः अध्यक्ष महोदय, नाम बदला जा सकता है।

श्री अध्यक्षः कैसे बदला जा सकता है? एक आदमी का नाम मान लो नत्था सिंह हैं। वह चाहे पंजाब मे है या हरियाणा मे है उसका नाम तो वही रहेगा।

स्वामी आग्निवे ाः अध्यक्ष महोदय, एक बिल ऐसा सरकार क्यों नही ले आती जिसमे यह लिखा जाए कि जो बिल पंजाब के नाम से चल रहे है उन सब का नाम हरियाणा के नाम से चलेगा।

Mr. Speaker: I do not think it is feasible. मान लो यह बिल सन 51 मे बना था और उस समय हरियाणा ऐग्जिसटैंस मे नही था। तो इसका नाम हम चेंज कर सकते है?

चौधरी रामलाल वधवाः अध्यक्ष महोदय, इसमे कोई गलत बात नही है। बहुत से बिल हमारे सामने ऐसे आए है जिसमे पंजाब की जगह हरियाणा हुआ है। जैसे हरियाणा म्यूनिसिपल ऐक्ट . .. .

Mr. Speaker: If a new Bill is enacted only then it will be named as Haryana Bill.

चौधरी रामलाल वधवा: अध्यक्ष महोदय, मै एक और निवेदन करना चाहता हूं यह एक अमैंडिंग बिल ला सकते हे कि जहां पंजाब भाब्द है वहां वहां हरियाणा भाब्द पढा जाए। यह सब हो सकता है अगर ये करना चाहें।(विघ्न)

स्वामी आग्निवे I: अध्यक्ष महोदय, मंत्री जी इस बात का उतर तो दे दें।

Mr. Speaker: I do not think is requires an answer.

श्री अध्यक्ष: प्र न है–

कि टाइटल बिल टाइटल हो।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

विकास मंत्री (राव राम नारायण): अध्यक्ष महोदय, मै प्रस्ताव करता हूं–

कि बिल पास किया जाए।

श्री अध्यक्ष: प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ–

कि बिल पास किया जाए।

श्री भले राम (बड़ोदा–अनुसूचित जाति): स्पीकर साहब, मै तो आपके द्वारा सरकार को इतना कहना चाहूंगा कि भाामलात जमीन मे

